जागरण

मेरठ में बनाया जा रहा था 'नकली' डीजल, जो पंपों पर हो रहा था सप्लाई; सूचना मिलने पर तुरंत पहुंच गई पुलिस

जागरण संवाददाता, मेरठ। ब्रह्मपुरी पुलिस ने अंजुम पैलेस के पास मुखबिर की सूचना पर एक गोदाम में छापा मारा। सूचना थी कि यहां पर नकली डीजल तैयार किया जा रहा है। छापामारी के दौरान गोदाम के अंदर से डेढ़ हजार लीटर डीजल बरामद किया है। उसके बाद पुलिस ने पूर्ति विभाग को घटना की जानकारी दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर चार नमूने लिए हैं। उनकी जांच कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि पिछले काफी दिनों से गोदाम में नकली तेल बनाया जा रहा था।

किसी मुखबिर ने दी थी सूचना

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि अंजुम पैलेस के पास एक गोदाम में नकली तेल बनाया जा रहा है। भारी मात्रा में तेल

गोदाम में बनाकर रखा हुआ है। सूचना पर ब्रह्मपुरी पुलिस ने टीम के साथ गोदाम पर छापा मारा गया। गोदाम के अंदर से भारी मात्रा में डीजल पकड़ा गया है।

गोदाम में काम करने वाले कर्मचारी मौके से भाग गए। यह गोदाम लिसाड़ीगेट के खुशहाल नगर निवासी आबाद का है। आबाद से इस मामले में जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जाता है कि यहां से नकली तेल बनाकर कुछ पेट्रोल पंपों पर भी सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस ने गोदाम के बाहर की फुटेज भी बरामद की है, जहां पर कुछ लोग तेल की खरीदारी करते नजर आए हैं।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-fake-diesel-being-made-in-meerut-and-supplied-at-pumps-police-reached-immediately-after-getting-information-23809001.html